"भारत माँ के भाल पर सजी स्वर्णिम बिंदी हूं मैं,

भारत की बेटी आपकी अपनी हिंदी हूं मैं "

1४ सितंबर को पूरे भारत वर्ष में हिंदी दिवस मनाया जाता है, और इसी सुनहरे दिन के उपलक्ष्य में संट स्टॅनिसलास हायईस्कूल में दिनांक २०/९/२०२० से लेकर २५/९/२०२ तक हिंदी दिवस पखवाडा मनाया गया| इस पखवाडे में विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक सुविचार, नामांकित लेखकों की जानकारी तथा भारत का संविधान हिंदी में प्रसारित किया गया|

दिनांक २७/९/२०२० को 'हिंदी की शान में ,हिंदी के सम्मान' में हिंदी दिवस कार्यक्रम का चलचित्र प्रसारण किया गया |उस चलचित्र प्रसारण में बहुत विद्यार्थ्यियों ने व्हिडिओ क्लिप के द्वारा सहभाग लिया था| हिंदी दिवस के कार्यक्रम का आयोजन प्रार्थना ,भजन ,शायरी तथा हिंदी दिवस के महत्व पर एक क्लिप दिखाई गई| हिंदी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बहुत ही उत्साह से बच्चों को प्रेरणा तथा प्रोत्साहन देकर एक सप्ताह तक बहुत ही ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए और बच्चों के अंदर हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान जागृत करने के 22 सितंबर को वक्तृत्व स्पर्धा, कथाकथन स्पर्धा तथा कविता पठन स्पर्धाओं का आयोजन किया हुआ था| जो विद्यार्थी स्पर्धाओं में जीते उनको प्रमाणपत्र देकर उनका सम्मान किया गया| २७ सितंबर को कार्यक्रम की पूर्णाहुति की गई ।

विद्यालय बंद होने के कारण इसका प्रसारण टीम से चैनल पर किया गया | जिसे बच्चों और स्कूल स्टाफ के सभी श्रोताओं ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम से अपना मनोरंजन किया और हिंदी भाषा की जानकारी प्राप्त की |कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक और सफल रहा|

टिचर-सुनिता फुर्ट्याडो.